# Hindi - Durva

## Chapter– 16

# शिलांग से फ़ोन

**1.पढ़ो और सुनो।**

**संगीत भैया हाल-चाल याद करना शुभकामनाएँ**

**इच्छा भाभी ठीक-ठाक बात करना जीते रहो**

**बगीचा जीजा प्रणाम अभ्यास करना मज़े में हैं**

**उत्तर:** ये सभी शब्द पाठ में आए हुए हैं। इन सभी के अर्थ, मात्राएं, और ध्वनि अलग अलग है इन शब्दों को बोलते और सुनते समय इस बात का बोध होता है।

संगीत भैया हाल-चाल याद करना शुभकामनाएँ

इच्छा भाभी ठीक-ठाक बात करना जीते रहो

बगीचा जीजा प्रणाम अभ्यास करना मज़े में हैं

**2.पढ़ो और समझो**–

**क)पुल्लिंग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैं | किताब | खेल | रहा हूँ |
| तुम | काम | कर | रहे हो |
| वह | फुटबाल | पढ़ | रहा है |
| श्याम | | | रहे हैं |
| हम | | | |
| आप | | | |
| वे | | | |
| पिता जी | | | |

**उत्तर:** ये सभी वाक्य पुल्लिंग हैं। इन वाक्यों का उच्चारण सही नही हैं। क्योंकि किताब को पढ़ा जाता हैं खेला नहीं जाता और फुटबॉल से खेला जाता है पढ़ा नहीं जाता।

**स्त्रीलिंग**

स्त्रीलिंग

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैं | किताब | खेल | रही हूँ |
| तुम | काम | कर | रहे हो |
| वह | खो-खो | पढ़ | रही है |
| गीता | | | रही हैं |
| हम | | | |
| आप | | | |
| वे | | | |
| माता जी | | | |

**उत्तर:** ये वाक्य स्त्रीलिंग हैं। इनमे भी किताब का प्रयोग खेलने और खो खो का प्रयोग पढ़ने के लिए किया गया है जबकि किताब का प्रयोग पढ़ने और खो खो का प्रयोग खेलने के लिए किया जाता हैं।

**ख) छुट्टी– अवकाश    मजे–उमंग    प्रणाम नमस्कार**

**इच्छा– चाह    जरूर– आवश्यक**

**उत्तर:** ये सभी शब्द एक दूसरे के समानार्थी हैं। लेकिन इनके एक शब्द का प्रयोग सामान्य बोल चाल में प्रयोग किया जाता है और एक शब्द का प्रयोग हिंदी के शुद्ध रूप के लिए प्रयोग किया जाता है।

**3. कोष्ठक में दी गई क्रियाओं से वाक्य पूरे करो**

**रहा हूँ, रहा है, रही है, रहे हैं, रही हैं**

**1.मैं स्कूल जा……………….**

**उत्तर:** मैं स्कूल जा रहा हूँ।

**2.पिताजी बगीचे में टहल…………….**

**उत्तर:** पिताजी बगीचे में टहल रहे हैं।

**3.शीला बाजार से आ………………**

**उत्तर:** शीला बाजार से आ रही है।

**4. लडकियाँ कमरें में पढ़.............**

**उत्तर:** लड़कियाँ कमरे में पढ़ रही हैं।

**5. लड़के मैदान में क्रिकेट खेल...........**

**उत्तर:** लड़के मैदान में क्रिकेट खेल रहे हैं।

**4. कोष्ठक में दिए गए शब्दों की सहायता से नमूने के अनुसार वाक्य बदलों**

**क)नमूना:**

**राजन रोज स्कूल जाता है (अभी)**

**राजन अभी स्कूल नहीं जा रहा है।**

**1.वे रोज बाजार जाते है(आज).........**

**उत्तर:** वे आज बाजार जा रहे है।

**2.मेरा भाई रोज यहाँ आता है(इस समय)..........**

**उत्तर:** मेरा भाई इस समय यहाँ आ रहा है।

**3.गीता प्रतिदिन गाना गाती है(इस समय)………**

**उत्तर:** गीता इस समय गाना गा रही है।

**ख)नमूना:**

**मोहन प्रतिदिन दूध पीता है(चाय)**

**मोहन इस समय चाय पी रहा है।**

**1.हम प्रतिदिन कसरत करते हैं(व्यायाम)……….**

**उत्तर:** हम इस समय व्यायाम कर रहे हैं।

**2.रीता रोज रोटी खाती हैं(फल)…………**

**उत्तर:** रीता इस समय फल खा रही है।

**3.बाबू जी हमेशा कलम से लिखते हैं(पेंसिल)………….**

**उत्तर:** बाबू जी इस समय पेंसिल से लिख रहे हैं।

**4.रमेश रोज सुबह पार्क में जाता हैं(स्कूल)……….**

**उत्तर:** रमेश इस समय स्कूल जा रहा है।

**5.अरविंद रोज शाम को पढ़ाई करता है(सुबह)………**

**उत्तर:** अरविंद सुबह से पढ़ाई कर रहा है।

**5. निम्नलिखित शब्दों की सहायता से वाक्य बनाओं**

**1.ठीक– ठाक**

**उत्तर:** श्याम देखने में तो ठीक– ठाक लग रहा है।

**2. अभ्यास करना**

**उत्तर:** तुम्हें हर रोज लिखने का अभ्यास करना चाहिए।

**3. मजे में**

**उत्तर:** सभी बच्चे मजे में नाच रहे हैं।

**4.पानी देना**

**उत्तर:** मुझे प्यास लगी है, रीता मुझे पानी देना।

**5.बात करना**

**उत्तर:** तुम जाकर पिताजी से मेरे बारे में बात करना।

**6. प्रश्नों के उत्तर दो–**

1. अमरनाथ कौन हैं?

**उत्तर:** अमरनाथ रमा का भाई है जोकि शिलांग में रहता है।

**2.श्यामला क्या कर रही हैं?**

**उत्तर:** श्यामला अपने संगीत का अभ्यास कर रही है।

**3.राजेश क्या कर रहा है?**

**उत्तर:** राजेश अमरनाथ का बेटा है। वह टेबल टेनिस खेल रहा है।

**4.श्यामला इन दिनों क्या सिख रही है?**

**उत्तर:** श्यामला अपने घर के पास गंधर्व कला विद्यालय से तीन चार महीने से संगीत सिख रही है।

**5.भाभी जी क्या कर रही है?**

**उत्तर:** भाभी जी बगीचे में हैं और वह पौधों को पानी दे रही है।